कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02022—23 / विज्ञप्ति 06 / 950-954 / 2024—25 दिनांक 05 फरवरी 2025

: द्विवर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैन्टरी एजूकेशन (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2022—23 :

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा दिनांक 30 नवम्बर 2024 को आयोजित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (D.El.Ed) प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा 2022—23 में राज्य आन्दोलनकारी श्रेणी के अन्तर्गत सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित अभ्यर्थी इस आशय का शपथपत्र कि **''उनके द्वारा अभी तक सरकारी सेवा में राज्य आन्दोलनकारी श्रेणी के अन्तर्गत क्षैतिज आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं किया गया है''** रू0 10.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर **कार्यालय, सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल), (डी0एल0एड0 अनुभाग), पिन कोड 244715** के पते पर पंजीकृत / रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट / कोरियर अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर **दिनांक 20 फरवरी, 2025 तक** अनिवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त श्रेणी के अन्तर्गत चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को **शासनादेश संख्या— 139/XX(8)/24-27(रा0आ0)/2018, गृह अनुभाग—8 देहरादून दिनांक 24.11.2024 में संदर्भित प्रमाणपत्र (प्रारूप—1 अथवा प्रारूप—2 जो भी लागू हो) काउंसलिंग के समय मूल रूप में प्रस्तुत करना होगा।**

निर्धारित अन्तिम तिथि तक शपथपत्र प्रस्तुत न करने वाले अभ्यर्थियों के क्षैतिज आरक्षण के मामले में विचार नहीं किया जायेगा।

5/02/2025

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0स0: उ0वि0शि0प0 / डी0एल0एड0प्र0प02022—23 / विज्ञप्ति 06 / 950-954 / 2024—25 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपिः निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
2. निदेशक माध्यमिक शिक्षा देहरादून / सभापति उ0वि0शि0प0 रामनगर।
3. निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण / नियंत्रक प्राधिकारी डी0एल0एड0 प्रवेश परीक्षा 2022—23।
4. अपर निदेशक एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड देहरादून।
5. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को 10X06 से0मी0 के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार पत्रों के ऐसे पृष्ठ पर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिसका प्रचार—प्रसार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हो। बिल भुगतान हेतु दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

5/02/2025

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।